**दिनांक: 02.10.2025** **समय : 02.10PM**

## आकाशवाणी मध्यप्रदेश से प्रस्तुत हैं प्रादेशिक समाचार

### गांधी जयंती

समग्र देश आज राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 156वीं जयंती पर श्रद्धा-सुमन अर्पित कर रहा है। इस अवसर पर विदेश में भारतीय दूतावासों में भी विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राजघाट पर बापू को और विजयघाट पर शास्त्री जी को श्रद्धांजलि अर्पित की। राजधानी दिल्ली में महात्मा गांधी की समाधि राजघाट पर सर्व धर्म प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। आज पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को भी उनकी 121वीं जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की जा रही है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने राष्ट्रपिता को श्रद्धाजंलि अर्पित करते हुए कहा है कि यह दिवस महात्मा गांधी के आदर्शों और मूल्यों के प्रति समर्पण का अवसर है। इधर, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पूज्य बापू की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि महात्मा गांधी के स्वदेशी, स्वराज, स्वावलंबन और स्वच्छता के विचार वर्तमान में भी प्रेरणा-पुंज हैं। मुख्यमंत्री ने पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न श्रद्धेय लाल बहादुर शास्त्री का भी स्मरण किया।

### जीएसटी-साइकिल

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा घोषित वस्तु और सेवा कर बचत उत्सव से समाज के सभी वर्ग लाभान्वित हो रहे हैं। विभिन्न वस्तुओं और सेवाओं पर कर की कम दरों से लोगों को पर्याप्त राहत मिल रही है। आज प्रस्तुत है आरोग्य केंद्र और साइकिल पर लागू जीएसटी कटौती पर एक रिपोर्ट-

*लोगों को बडी राहत देते हुए सरकार ने नई जीएसटी सुधारों को लागू कर दिया है। नई जीएसटी सुधारों के अंतर्गत सरकार ने जिम और फिटनेस सेंटर पर कर की दर को 18 प्रतिशत से घटाकर पांच प्रतिशत कर दिया है। इस बडी कटौती से*

*लोगों का फिटनेस पर किया जाने वाला खर्च कम होगा और स्वस्थ जीवन शैली को बढ़ावा मिलेगा। इसके साथ ही सरकार ने साइकल पर भी जीएसटी दर को 12 प्रतिशत से घटाकर पांच प्रतिशत कर दिया है। इस कदम से फिटनेस और आउटडोर गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। जीएसटी दरों में यह कटौती फिट इंडिया मूमेंट जैसी राष्ट्रीय स्वास्थ्य पहलो को भी बढ़ावा देती है तथा नागरिकों को बीमारियों से बचने के लिए नियमित व्यायाम और जीवनशैली में बदलाव को प्राथमिकता देने के लिए प्रोत्साहित करती है। रोहन के साथ दृष्टि पुनियानी, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।*

**विजयजदशमी**

विजय दशमी का पर्व आज आस्था और उल्लास से मनाया जा रहा है। यह दिन नवरात्र अनुष्ठान और दुर्गा पूजा के समापन तथा बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विजय दशमी के अवसर पर देशवासियों को शुभकानाएं दी हैं। प्रदेश में भी हर्षोउल्लास के साथ विजय दशमी का पर्व मनाया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने महापर्व विजयादशमी की प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि यह पावन पर्व हमें 'यतो धर्मस्ततो जयः' का स्मरण कराकर सदैव धर्म, सत्य और न्याय के मार्ग पर चलने की अथाह प्रेरणा देता है। दशहरे के मौके पर आज आगरमालवा जिले के ग्राम तनोड़िया में मिट्टी के मटको से बने रावण, कुभंकरण एवं मेघनाथ के पुतलों को पत्थरो से मारने की करीब 550 वर्षों पुरानी परम्परा का निर्वहन किया जाएगा। शिवपुरी और गुना में विजयदशमी का पर्व धार्मिक आस्था और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है।

**आरएसएस - विजयदशमी उत्सव**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ- आरएसएस के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने आज कहा कि आत्म निर्भर बनने और वैश्विक एकता के पक्षधर होने के नाते हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि निर्भरता हमारी विवशता नहीं है और हम अपनी इच्छानुसार कार्य करने में सक्षम हैं। स्वदेशी और स्वावलम्बन का कोई विकल्प नहीं है। आरएसएस प्रमुख आज सुबह नागपुर के रेशमबाग में मुख्य अतिथि पूर्व

राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की उपस्थिति में आरएसएस के शताब्दी वर्ष समारोह और विजयदशमी उत्सव कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। डॉ. भागवत ने कहा कि पहलगाम हमले के बाद की गई जवाबी कार्रवाई की अवधि के दौरान, हमने देश के नेतृत्व की दृढ़ता, हमारे सशस्त्र बलों की वीरता और युद्ध-तत्परता और समाज के दृढ़ संकल्प तथा एकता के उत्साहजनक दृश्य देखे।

**संक्षिप्त समाचार**

1- केंद्रीय जनजातीय कार्य मंत्रालय के संयुक्त सचिव और राष्ट्रीय आदिवासी छात्र शिक्षा समिति के आयुक्त अजीत कुमार श्रीवास्तव ने रायसेन में "आदि कर्मयोगी" अभियान की प्रगति का अवलोकन किया।

2- आगरमालवा जिले में भी आज से मद्य निषेध सप्ताह मनाया जा रहा है।

3- शिवपुरी में अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर सामाजिक न्याय विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में वृद्धजनों का सम्मान किया गया।